भिलाई में टीकाकरण केंद्रों की संख्या बढ़ी, घर-घर संपर्क कर लगवाया जा रहा है कोरोना का टीका

भिलाई नगर/ कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर टीकाकरण केंद्रों की संख्या भिलाई निगम में बढ़ाई गई है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज सभी टीकाकरण केंद्रों का प्रातः से जायजा लिया! संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी सीनियर सिटीजन को टीका लगवाने घर-घर संपर्क कर टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करने सभी जोन आयुक्त को निर्देश दिए! जितना टीकाकरण होगा उतना ही संक्रमण को रोकने में सफलता मिलेगी! टीकाकरण को पूर्ण रूप से सुरक्षित माना गया है! लोग स्वमेव केंद्रों में पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं! मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर टीका लगवाने प्रेरित करते हुए टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग कर रही है! टीका के प्रथम डोज के बाद द्वितीय डोज भी लगवाना आवश्यक है! इसके लिए मैसेज और सर्टिफिकेट के माध्यम से लाभान्वित को सूचित किया जा रहा है! भिलाई के इन स्थलों पर लग रहा है कोरोना टीका कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टीका अवश्य लगवाएं! भिलाई के सभी सीनियर सिटीजन का टीकाकरण करने के लिए केंद्रों में इजाफा किया गया है! लगभग हर 2 वार्ड के बीच में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है! इसका फायदा उठाते हुए अधिक से अधिक टीकाकरण करवाकर कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है! भिलाई में टीकाकरण के लिए जुनवानी स्मृति नगर सांस्कृतिक भवन वार्ड दो , यूपीएचसी कोसा नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे भवन वार्ड 3, राजीव नगर पुराना शराब भट्टी के पास सामुदायिक भवन वार्ड 5, सुपेला बाजार आमोद भवन वार्ड क्रमांक 6, अंबेडकर नगर अंबेडकर भवन कोहका वार्ड क्रमांक 9, कोहका पुरानी बस्ती मितानिन भवन वार्ड क्रमांक 9, कांट्रैक्टर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 12, जुनवानी, खमरिया सांस्कृतिक भवन वार्ड क्रमांक एक एवं दो, राम जानकी मंदिर भवन राम नगर वार्ड क्रमांक 13, एचडब्ल्यूसी कुरूद, स्वास्थ्य विभाग कार्यालय वार्ड क्रमांक 14, स्टील नगर शास्त्री नगर छत्तीसगढ़ सदन वार्ड क्रमांक 18, घासीदास नगर दुर्गा मंदिर वार्ड क्रमांक 27, प्रगति नगर कैंप 1 बीएसपी पानी टंकी के पास वार्ड क्रमांक 20, प्रेम नगर समुदायिक भवन चैता मैदान वार्ड क्रमांक 20, सुंदर नगर कैंप 1 गुरुद्वारा वार्ड 21, श्याम नगर कैंप दो पानी टंकी वार्ड क्रमांक 22, संतोषी पारा सूर्य कुंड तालाब वार्ड क्रमांक 25, शंकर नगर छावनी मंगल बाजार वार्ड क्रमांक 28, बापू नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड क्रमांक 29, बालाजी नगर दुर्गा मंदिर सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 30, रविदास नगर पंप हाउस ग्राउंड मंगल भवन वार्ड क्रमांक 33, सुभाष मार्केट श्री राम चौक वार्ड क्रमांक 34, आजाद नगर पावर हाउस बस स्टैंड वार्ड क्रमांक 37, चंद्रशेखर आजाद नगर सुभाष नगर समुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 37, शिवाजी नगर वार्ड क्रमांक 38, दुर्गा मंदिर रविदास नगर वार्ड क्रमांक 31 एवं 33, ओड़िया पारा आस्था भवन सेक्टर 2 वार्ड क्रमांक 50, चिंगरी पारा वार्ड 55 एवं 56 सेक्टर 6 निगम कार्यालय! इसके अतिरिक्त लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जुनवानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापू नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठ धाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसा नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छावनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुर्सीपार!